**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# THE TRIBUNE

## JC BOSE VARSITY SIGNS MoU

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has signed an MoU with Shiksha Sanskriti Utthan Nyas, New Delhi, an organisation working in the field of education and culture in India. Vice-Chancellor Dinesh Kumar said the new National Education Policy (NEP) was introduced with an aim to restore and re-establish 'Indianness' in the education system and emphasised on building the personality of a student.

The Tribune Fri, 29 October 2021
https://epaper.tribunei

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# AMAR UJALA

## सहायक प्रोफेसर को एनसीसी में उप-लेफ्टिनेंट का पद



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में कार्यरत मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कृष्ण वर्मा ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में उप-लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया है। इससे संस्थान में खुशी की लहर है। उन्हें एनसीसी की एक हरियाणा नौसेना इकाई - एनआईटी फरीदाबाद के अंतर्गत उप-लेफ्टिनेंट का पद प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ कृष्ण ने नागपुर स्थित एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में 26 जुलाई से 23 अक्टूबर तक तीन महीने की प्री-कमीशन कोर्स के साथ ट्रेनिंग ली थी। संवाद

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# HADOTI ADHIKAR

# वाईएमसीए के साथ एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय ने किया एमओयू



**रीना शर्मा / अधिकार संवाददाता**

कैथल, 28 अक्टूबर। दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों के साथ एक अकादमिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने अकादमिक विकास और विनिमय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन शोधकर्ताओं और संकाय के अंतर संस्थागत आदान प्रदान, सहयोगी अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों और संयुक्त डिग्री के पुरस्कार को संभव बनाते हैं। इस समझौते ज्ञापनों के माध्यम से विश्वविद्यालय ने भाषा शिक्षा और साहित्य दोनों में सहयोगी परियोजनाओं के अवसरों का पता लगाने की मांग की है और अनुसंधान कार्यक्रम और प्रशिक्षण पहल भी की है। अन्य विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन अनुसंधान और विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान, संयुक्त कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रकाशनों आदि में सहयोग के लिए हैं।

इस अवसर पर एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.एस. तेवतिया ने जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश कुमार के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। डॉ. एस.के. गर्ग, रजिस्ट्रार, डॉ. रश्मि पोपली, निदेशक, उद्योग संबंध, जे.सी.बी.यू साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए, फरीदाबाद और डॉ अनीता तेवतिया भी उस समय उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# PIONEER

# सहायक प्रोफेसर को एनसीसी में उप-लेफ्टिनेंट का पद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कृष्ण वर्मा ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में उप-लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। डॉ. कृष्ण वर्मा को एनसीसी की 1 हरियाणा नौसेना इकाई - एनआईटी फरीदाबाद के अंतर्गत उप-लेफ्टिनेंट का पद प्रदान किया है।

एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, कैम्पटी, नागपुर (महाराष्ट्र) में 26 जुलाई से 23 अक्टूबर तक तीन महीने का प्री-कमीशन कोर्स (पीआरसीएन) और कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में नियुक्त किया गया है। अब डॉ. वर्मा विवि में एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित करेंगे। डॉ. कृष्ण वर्मा विगत दो वर्षों से विश्वविद्यालय में एनसीसी केयरटेकिंग अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे।



**डॉ. कृष्ण वर्मा को उप लेफ्टिनेंट का पद हासिल करने पर शुभकामनाएं देते मैकेनिकल इंजीयरिंग विभाग के साथी।**

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में, डॉ वर्मा ने देशभर के 275 लेक्चरर्स और प्रोफेसरों के बीच अकादमिक श्रेणी में उच्चतम अंक प्राप्त किए और समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, कैम्पटी के कमांडेंट मेजर जनरल आलोक बेरी द्वारा कमांडेंट सिल्वर मेडल से भी सम्मानित किया गया है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. कृष्ण वर्मा को बधाई दी है और कहा है कि यह एक विशिष्ट उपलब्धि है जोकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार और 1 हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन विवेक कुमार ने भी डॉ वर्मा को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

डॉ. कृष्ण वर्मा विगत दो वर्षों से विश्वविद्यालय में एनसीसी केयरटेकिंग अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। एनसीसी के कामकाज में रुचि विकसित होने के बाद उन्होंने एक अधिकारी के रूप में सेवाओं में शामिल होने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि एनसीसी के कार्यवाहक अधिकारी के रूप में दो साल की अतिरिक्त ड्यूटी के दौरान उन्होंने कई चीजें सीखीं और सेवाओं में शामिल होने के लिए खुद को तैयार किया।

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# PIONEER

## कबड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन



जेबी बोस विश्वविद्यालय में आयेजित कबड्डी प्रतियोगिता में दांव लगाते खिलाड़ी।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन फरीदाबाद (एकेएएफ) के सहयोग से विवि परिसर में सीनियर जिला कबड्डी प्रतियोगिता (राष्ट्रीय शैली) का आयोजन किया। जिसमें 11 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। पूर्व कबड्डी खिलाड़ी मोहित भड़ाना मुख्य अतिथि थे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संघ के सचिव डॉ. सुखपाल सिंह, अधिकारी संतोष छपराना और नीतू निगम, विवि खेल समन्वयक डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक, कोच विजय पाल शर्मा और कुसुम भाटी उपस्थित थे। फाइनल मैच में, एसएसबी फरीदाबाद ने फतेहपुर बिलोच को 26 के मुकाबले 48 से हराया और ट्रॉफी जीती।

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# DAINIK JAGRAN

# एसएसबी फरीदाबाद ने कबड्डी टूर्नामेंट जीता, मिलीं शुभकामनाएं



जेसी बोस यूनिवर्सिटी में आयोजित जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी व आयोजक • सौ.पीआरओ यूनिवर्सिटी

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय परिसर में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से सीनियर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 11 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में एसएसबी फरीदाबाद ने फतेहपुर बिल्लौच को हराकर ट्राफी जीती। प्रतियोगिता का उद्घाटन कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में पूर्व कबड्डी खिलाड़ी मोहित भडाना मुख्य अतिथि थे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संघ के सचिव डा.सुखपाल सिंह, संतोष चपराना और नीतू निगम, विश्वविद्यालय खेल समन्वयक डा.शैलेंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी डा.सुनीता और कोच विजय पाल शर्मा, कुसुम भाटी ने आयोजन में सहयोग दिया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# PUNJAB KESARI

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



वाईएमसीए विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में खेलते छात्र। (छाया: राकेश देव)

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में सीनियर जिला कबड्डी प्रतियोगिता (राष्ट्रीय शैली) का आयोजन किया। जिसमें 11 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व कबड्डी खिलाड़ी मोहित भड़ाना मुख्य अतिथि थे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संघ के सचिव डॉ सुखपाल सिंह और अन्य अधिकारी संतोष छपराना और नीतू निगम, विश्वविद्यालय खेल समन्वयक डॉ शैलेंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी डॉ सुनीता कोक और कोच विजय पाल शर्मा और कुसुम भाटी उपस्थित थे। फाइनल मैच मेंए एसएसबी फरीदाबाद ने फतेहपुर बिलोच को 26 के मुकाबले 48 से हराया और ट्रॉफी जीती।

पंजाब केसरी
Fri, 29 October 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/6403

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# HINDUSTAN

## सहायक प्रोफेसर को डिप्टी लेफ्टिनेंट का पद मिला

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कृष्ण वर्मा ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में डिप्टी लेफ्टिनेंट का पद पर नियुक्ति मिली है। यह विश्वविद्यालय को गौरवांवित करने का क्षण है। एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए), कैम्पटी, नागपुर (महाराष्ट्र) में 26 जुलाई से 23 अक्टूबर, 2021 तक तीन महीने का प्रीकमीशन कोर्स (पीआरसीएन) और कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में नियुक्त किया गया है।

**NEWS CLIPPING:29.10.2021**

# VIR ARJUN

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

फरीदाबाद, (वीअ)। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में सीनियर जिला कबड्डी प्रतियोगिता (राष्ट्रीय शैली) का आयोजन किया। जिसमें 11 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व कबड्डी खिलाड़ी मोहित भड़ाना मुख्य अतिथि थे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संघ के सचिव डॉ सुखपाल सिंह और अन्य अधिकारी संतोष छपराना और नीतू निगम, विश्वविद्यालय खेल समन्वयक डॉ शैलेंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी डॉ सुनीता कोक और कोच विजय पाल शर्मा और कुसुम भाटी उपस्थित थे। फाइनल मैच मेंए एसएसबी फरीदाबाद ने फतेहपुर बिलोच को 26 के मुकाबले 48 से हराया और ट्रॉफी जीती।